प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर 25 मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था।

इस अवसर पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है। श्री मिसरी ने कहा कि रेजिस्टेंस फ्रंट नामक समूह ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है और यह समूह लश्कर–ए–तैयबा से जुड़ा है।

******************

ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद झारखंड सहित देशभर में भारतीय सेना की प्रशंसा हो रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य नेताओं ने सेना को सलाम किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की शुरुआत बताया है। उन्होंने कहा कि सेना ने दुश्मनों के घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है।

******************

दुमका में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को नष्ट किए जाने पर लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने प्रधानमंत्री और सेना को धन्यवाद दिया। लोगों ने इसे जरूरी जवाबी कार्रवाई बताते हुए इसे आतंकवादियों के गाल पर तमाचा बताया। लोगों ने कहा कि यह कार्रवाई दुनिया भर के आतंकियों के लिए बड़ा संदेश है।

******************

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर आज शाम देश के सभी राज्यों में एक साथ मॉक ड्रिल होगी। झारखंड के भी पांच जिलों में छह स्थानों पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जायेगा। इनमें राजधानी रांची के अलावा पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, गोमिया, साहिबगंज और गोड्डा शामिल हैं। रांची में यह मॉक ड्रिल शाम चार से सात बजे तक डोरंडा इलाके में होगी। इस दौरान लोगों को सायरन की आवाज सुनाई देगी। इस दौरान लोगों को अपने घरों की बत्तियां बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं। आईजी अभियान एवी होमकर ने कहा कि यह किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए लोगों को तैयार करने का अभ्यास है।

******************

रामगढ़ जिले मे बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

खूंटी जिले के ऐतिहासिक राधा–रानी मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर कमेटी की ओर से सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए मछुवारों और भिखारियों की मदद की जाती है तथा सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती की गई है।

******************

मौसम विभाग ने गुमला, कोडरमा और लोहरदगा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले तीन घंटे के अंदर इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम गरज और बिजली के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

*******समाप्त*******